Seventeenth Loksabha

>

Ttile: need to enquire the delay of Vishnupur Tarekeshwar Railway line work

श्री सौमित्र खान (बिशनुपुर): महोदय, सबसे पहले तो मैं नरेन्द्र मोदी जी और अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ, उनकी वजह से मैं यहाँ पर बैठ रहा हूँ । मुझे विष्णुपुर से तारकेश्वर रेल पथ चाहिए, लेकिन इसमें बहुत बड़ी समस्या है । वहाँ पर भी जो भी काम करे, सिंडिकेट में पैसा दो, नहीं तो कट मनी करके मिनिस्टर्स, एमएलए और पंचायत प्रधान को पैसा दो । मेरी एक माँग है कि जितना सारा कट मनी लिया हुआ है, टीएमसी सरकार के जितने विधायक हैं, जितने मिनिस्टर्स हैं, जितने पंचायत प्रधान हैं, ग्राम सभा के चेयरमैन हैं, सबकी एक ही आदत हो गई है कि जहाँ भी वे जाएंगे, वहाँ से उन्हें कट मनी चाहिए । मेरी यही माँग है कि सी.एम. के परिवार ने वर्ष 2011 के बाद कितना पैसा लिया है, कितना कट मनी से पैसा लिया है, इसकी जाँच कराई जाए ।…(व्यवधान) किस वजह से यह विष्णुपुर-तारकेश्वर रेल पथ बंद रखा हुआ है? मेरी डिमांड है कि इसकी जाँच कराई जाए । सी.एम. के परिवार वालों ने कट मनी के माध्यम से कितना पैसा लेकर कितनी सम्पत्ति एकत्रित की है, इसके ऊपर जाँच होनी चाहिए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री सुधीर गुप्ता और श्री सी.पी. जोशी को श्री सौमित्र खान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।